# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गंगापुर जिला–भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी :– विकास पंचोली, आर.ए.एस.

प्रार्थना पत्र संख्या : 152/2020 दिनांक : – 26.10.2020

अनुवानी

राजस्थान सरकार बनाम ग्राम पंचायत गणेशपुरा

**प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131, 132 एलआरए व नियम 58,59,60,66,86 एल.आर.एक्ट**

**–:: आदेश ::–**

श्रीमान संभागीय आयुक्त महोदय राजस्थान अजमेर के पत्र दिनांक 22.07.2020 द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार आयोजित रास्ता खोलो अभियान – 2020 के तहत तहसीलदार सहाड़ा द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम गलोदिया पटवार हल्का गणेशपुरा की राजकीय भवनों आदि के प्रयोजनार्थ हेतु भूमि में सार्वजनिक रास्ता स्थित है, किन्तु राजस्व रेकार्ड में उक्त रास्ते कि किस्म बीड़ के बजाय दर्ज है जिसे गैमु0 रास्ता दर्ज किये जाने का आदेश फरमावें।

इस सम्बन्ध में तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर द्वारा प्रस्ताव तैयार कर अपने पत्रांक राजस्व/20/792 दिनांक 23.10.2020 से रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसमें अंकन किया कि ग्राम गलोदिया पटवार हल्का गणेशपुरा के आराजी न0 956 रकबा 0.41 हे0 किस्म गे0मु0पेटा भूमि राजस्व रेकार्ड में राजकीय भवनों आदि के प्रयोजनार्थ हेतु दर्ज रेकार्ड है। उक्त आराजियात में मौके पर सार्वजनिक रास्ता बना होकर 0.02 हे0 भूमि को सार्वजनिक रास्ते हेतु उपयोग में लिया जा रहा है। उक्त रास्ता जो एन0एच0 तक जाता है। उक्तानुसार ग्राम गलोदिया पटवार हल्का गणेशपुरा के आराजी न0 956 रकबा 0.41 हे0 में से 0.02 हे0 भूमि की किस्म बीड़ के बजाय गे0मु0 रास्ता दर्ज करने बाबत प्रस्ताव तैयार किया गया। उक्त प्रस्तावित राजकीय भवनों आदि के प्रयोजनार्थ आरक्षित भूमि की किस्म बीड़ के बजाय गे0मु0रास्ता किये जाने बाबत कोई सार्वजनिक आपत्ति जाहिर नही है, मौका पर्चा एवं ग्राम पंचायत गणेशपुरा का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं प्रस्ताव की प्रति संलग्न है।

**अतः जनहित को दृष्टिगत रखते हुये एवं तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर के पत्रांक राजस्व/20/792 दिनांक 23.10.2020 से की गई अनुशंषा के आधार पर ग्राम गलोदिया पटवार हल्का गणेशपुरा की राजकीय भवनों आदि के प्रयोजनार्थ हेतु दर्ज आराजी न0 956 रकबा 0.41 हे0 में से 0.02 हे0 भूमि की किस्म बीड़ के बजाय गे0मु0 रास्ता दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है।**

तहसीलदार सहाड़ा उक्तानुसार राजस्व रेकार्ड में अंकन किया जाना सुनिश्चित करें एवं पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करें।

यह आदेश आज दिनांक 26/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2021.01.15 11:56:36 IST
Reason: SelfAttested

उप खण्ड अधिकारी
(विकास पचोली)
गंगापुर जिला भीलवाड़ा
उपखण्ड़ अधिकारी
गंगापुर, भीलवाड़ा

Scanned with CamScanner